हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 19 मई 2024

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]



10 समर कैंप में योगाभ्यास जारी है, समापन कल



11 कलेक्टर व एसपी अंतिम छोर पर बसे ग्रापं लिंगापुर...




## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित बाइक से गिरी महिला की मौत

**जगदलपुर।** मारडूम बैंक का काम कराने के लिए महिला टैक्सी से गई हुई थी। वहीं वापसी के समय पड़ोसी युवक के साथ घर आ रही थी कि अचानक से बाइक के सामने मवेशी के आ जाने से महिला गिरी, जहां गंभीर चोट लगने से उसे मेकाज लाया गया। उपचार के दौरान घायल महिला की मौत हो गई, पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि फूलमती ठाकुर शुक्रवार की दोपहर को अपने घर से टैक्सी वाहन में बैठकर मारडूम बैंक का काम करवाने के लिए गई हुई थी। वापस घर जाने के लिए टैक्सी वाहन का इंतजार कर रही थी उस समय पड़ोसी सुकमन यादव को देख महिला ने उससे घर जाने की बात पूछते हुए लिफ्ट लेकर बाइक में बैठी। लिमहूपदर पारा के पास अचानक से मवेशी बाइक के सामने आ गया, इस दौरान जैसे ही बाइक सवार ने ब्रेक मारा, महिला सिर के बल गिर पड़ी। इसे गंभीर हालत में मेकाज में भर्ती किया गया। महिला की उपचार के दौरान शनिवार की सुबह महिला की मौत हो गई।

### पीएम आवास निर्माण में कोताही पर दो निलंबित

**जगदलपुर।** जनपद पंचायत, बकावण्ड में 18 मई को समीक्षा बैठक के दौरान ग्राम पंचायत दशापाल और कोलावल के प्रधानमंत्री आवास निर्माण, विभागीय कायोंर् एवं अन्य विभिन्न योजनाओं से संबंधित कायोंर् की समीक्षा की गई। इस दौरान ग्राम पंचायत दशापाल और कोलावल में प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य कायोंर् में कोई प्रगति नहीं होने, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में उच्चाधिकारी के आदेश, निर्देशों की अवहेलना करने, अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता एवं लापरवाही बरतने तथा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अंधिनियम 1993 की धारा 72 के तहत ग्राम पंचायत सचिव के विहित कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन नहीं करने के फलस्वरूप निलंबन की कार्रवाई की गई। दशापाल के सचिव हेमकरण सिंह ठाकुर का निलंबन अवधि में मुख्यालय ग्राम पंचायत, बड़ेकाकलूर-2 पंचायत, बास्तानार निर्धारित किया गया है। वहीं कोलावल के सचिव जयदेव सिंह ठाकुर का निलंबन अवधि में मुख्यालय ग्राम पंचायत, सांवगेल जनपद पंचायत, बास्तानार निर्धारित किया गया है।

### जिले की पुलिस ने 7 गुम इंसान को खोज निकाला

**कांकेर।** जिले के विभिन्न थानों से 7 इंसानों के गुम होने की जानकारी थी, जिसमें 04 महिला और 03 पुरुष थे। संबंधित थाना की टीम ने इनको खोज निकाला। गुम इंसान प्रमीला नरेटी एवं धनपाल कुंजाम को रायपुर उरला से, गुम इंसान रीतुसा साहु को चंद्रपुर महाराष्ट्र से,लिपिका सिकदार को ग्राम मुस्का गढ़चिरौली महाराष्ट्र से, सुनील को कांकेर, मधुलिका नेताम एवं देवव्रत जैन को खोज निकाला और उनके परिजनों को सौपा गया।

# प्राचीन पीपल-बरगद के वृक्ष को काटने पहुंचा प्रशासनिक अमला

## आस्था और धार्मिक भावना से प्रेरित महिला और बच्चों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

इंदिरा वार्ड स्थित इतवारी बाजार में शनिवार को प्रशासन के निर्देश पर पहुंचा तोड़ू दस्ता को विरोध का सामना करना पड़ा। आस्था से जुड़े प्राचीन पीपल-बरगद वृक्ष की कटाई करने पहुंचे दस्ता को महिलाओं और बच्चों का विरोध का सामना करना पड़ा। लोग पेड़ों से चिपक कर कटाई का विरोध किया। प्रदर्शन कर रही महिलाओं से निपटने महिला पुलिस भी पहुंची थी। इलाके के भाजयुमो कार्यकर्ताओं की पहल पर वन अमला वृक्ष कटाई किये बिना बैरंग लौट गया। इसकी जानकारी विधायक किरण देव को दिया जाना बताया जा रहा है। इतवारी बाजार में मल्टीलेवल पार्किंग सहित दुकाने बनाई जा रही है। जिसको लेकर पूर्व में इलाके के दर्जनों मकान को प्रशासन के निर्देश पर तोड़ा गया। उस वक्त भी स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया था। अब वहां मौजूद पेड़ की कटाई के लिए वन विभाग के कर्मचारियों को भेजा गया था, जिसका मोहल्लेवासियों ने विरोध किया है। तहसीलदार, कोतवाली टीआई, महिला पुलिस बल के साथ इतवारी बाजार पहुंचे थे।



### मोहल्लेवासियों ने किया जमकर विरोध

इस दौरान अधिकारियों ने रहवासियों को समझाईश दी बावजूद लोग माने नहीं। वार्डवासी आनंद झा ने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा विगत कुछ वषोंर् में इतवारी बाजार के लोगों के सर से छत को छीना, कुछ माह पहले भी पेड़ कटाई को लेकर रहवासियों ने विरोध किया था जिस पर प्रशासन ने पेड़ नहीं काटने का आश्वासन दिया था। आज एक बार फिर जिला प्रशासन के इशारे पर वन विभाग के कर्मचारियों के द्वारा इतवारी बाजार पहुंचकर पेड़ काटने का काम प्रारंभ किया जाना था, जिसका मोहल्लेवासियों ने जमकर विरोध किया है। इस दौरान सोनाधर, कृष्णा ठाकुर, गनपत, बाबा खान, मधु, कुमति, उषा, राजमणि सहित वार्डवासी मौजूद थे।

## स्कूल बस पीले रंग की हो बस के आगे एवं पीछे पर स्कूल बस लिखना अनिवार्य

# फिटनेस जांच शिविर में नहीं पहुंचने वाली स्कूल बसों का पंजीयन करेंगे निलंबित

*उच्चतम न्यायालय द्वारा 14 बिन्दुओं पर स्कूल बसों के संचालन संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके निर्देश पालन में परिवहन आयुक्त द्वारा नई शिक्षा सत्र 2024-25 के प्रारंभ होने के पहले शैक्षणिक संस्था में संचालित समस्त वाहनों को उच्चतम न्यायालय के गाईड लाईन अनुसार 20 मई की सुबह 8 बजे क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय परिसर में समस्त स्कूल बसों का भौतिक निरीक्षण हेतु जांच शिविर आयोजित किया जाएगा।*




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- आरटीओ ने स्कूल प्रबंधन को दी नोटिस, 20 को स्कूल बसों की जांच होगी

शिविर में समस्त दस्तावेज एवं वाहन संलग्न सूची अनुसार अद्यतन कर उपस्थित कराई जाए। वाहन निरीक्षण हेतु नहीं भेजा जाता है तो वाहन का उपयुक्तता प्रमाण पत्र, आरसी, अनुज्ञा पत्र निलंबित करने की कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए आरटीओ ने स्कूल प्रबंधन को नोटिस दिया गया है। निर्देश के अनुसार स्कूल बस पीले रंग का हो, बस के अगले एवं पिछले हिस्से में स्कूल बस लिखा हो, स्कूल बस में प्राथमिक उचार पेटी आवश्यक रूप से रखा हो। स्कूल बसों में स्पीड गर्वनर लगा हो, स्कूल बसों की खिड़कियों में खड़ी जाली लगी हों, स्कूल बसों में अग्निशमन यंत्र लगा हो, स्कूल बसों में स्कूल का नाम तथा दूरभाष नंबर स्पष्ट पठनीय हो। स्कूल बसों के दरवाजे पर विश्वसनीय डोरलॉक लगा हो, स्कूल बसों के सीट के नीचे बस्ता रखने के लिये प्रर्याप्त एवं सुरक्षित स्थान हो, स्कूल बसों में बच्चों को संभालने हेतु प्रशिक्षित सहायक हो। स्कूल बस में ऐसे चालक नहीं रखे जाएंगे जो एक बार भी अनियंत्रित गति, नशे की हालत में वाहन चलाने तथा खतरनाक वाहन संचालन करने पर चालान किया गया हो।

### पंजीयन निरस्त करेंगे

पंजीयन प्राधिकारी सह क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि स्कूल प्रबंधन को नोटिस दिया गया है। शिविर में जांच करने के बाद ध्यान नहीं देने पर स्कूल बस का पंजीयन निरस्त किया जाएगा।

# बेकाबू कार ने मारी ठोकर बाइक सवार युवक घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ हादसा, 112 ने पहुंचाया हॉस्पिटल

परपा थाना क्षेत्र के हाइवे इन ढाबा के पास एक तेज रफ्तार कार ने एक बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया, वहीं घायल को बेहतर उपचार के लिए डायल 112 की मदद से मेकाज लाया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पामेला निवासी 30 वर्षीय हरिराम मौर्य शनिवार की सुबह अपनी मोटर साइकिल में सवार होकर पामेला से जगदलपुर की ओर सुबह 9 बजे के लगभग जा रहा था कि जैसे ही वह ढाबा के पास पहुंचा कि जगदलपुर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे चपेट में ले लिया। घटना में युवक को सिर, पैर, हाथ में गंभीर चोट आई, घटना के बाद वाहन चालक मौके से भाग निकला। आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी परपा थाना पुलिस के साथ ही डायल 112 को दिया, जहां घायल को बेहतर उपचार के लिए मेकाज लाया गया।

# फोर्स ने ग्रामीणों को मारा : कुंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बीजापुर जिले के पीड़िया गांव में तेन्दूपत्ता तोड़ने गए निहत्थे ग्रामीणों को फोर्स के जवानों ने घेरकर मार डाला। पूर्व विधायक तथा आदिवासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष कुंजाम ने बीजापुर में पत्रकारों से चर्चा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमारी टीम पीड़ियि गांव पहुंची थी जहां आसपास के गांव के लगभग हजार लोग मौजूद थे, हितावर गांव के लोग नहीं आए। इस घटना को उन्होंने भयावह नरसंहार की संज्ञा देते कहा कि पुलिस फोर्स सरेंडर नक्सलियों को सामने करके आदिवासियों की हत्या कर रही है। उनका इस तरह से सरेंडर नक्सलियों पर निर्भर होना उचित नहीं है। क्योंकि सरेंडर नक्सली दुश्मनी भी भुना सकते हैं या फिर पुलिस में भर्ती के लिए निर्दोष निहत्थे ग्रामीणों को मौत के घाट उतार सकते हैं और यह बात पीड़ति परिवार के अलावा पुरे गांववासियों से बातचीत में सामने आई। तेन्दूपत्ता का सीजन है लोग पत्ता एकत्र करने निकले थे अचानक चारों ओर से पुलिस फोर्स को देख ग्रामीण भागने लगे। ऐसा अमुमन ग्रामीण क्षेत्र में होता है। हमने कहा है कि भागना नहीं चाहिए इस पर कुछ लोगों ने कहा कि घर में छिपने पर भी निकाल कर गोली मार देते हैं। पीड़यि गांव के 4 लोग इस घटना में मारे गए हैं बाकि लोग हितावर और अन्य गांव के हैं। मारे गए सभी ग्रामीणों के 2 से 6 बच्चे हैं और सभी की उम्र 6 महीने से 2-3 साल की है, क्या ऐसे लोग नक्सली हो सकते हैं? उनकी पत्नियां मासूम बच्चों के साथ बिलख रही थी उनका सवाल था हमारे पतियों का क्या दोष था जब उन्हें मार डाला गया। अब इन बच्चों का भविष्य क्या होगा। जवानी में विधवा हो गई इन महिलाओं को देखकर मन द्रवित हो गया। पीड़यि घटना में निहत्थे ग्रामीणों की मौत को सरकार और आला अफसर भी गलती होने को स्वीकार कर रहे हैं। मनीष कुंजाम ने कहा लेकिन पुलिस दोषियों को बचाने का प्रयास करेगी। मनीष कुंजाम ने कहा कि बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर जिले में पिछले 3-4 महीने में कई घटनाएं हुई है। जिसमें फर्जी मुठभेड़ की आवाज भी उठने लगी है। इस सरकार ने पुलिस को फ्री हेंड छोड़ दिया है जिसका फायदा उठाकर फोर्स सरेंडर नक्सलियों को सामने रखकर घटनाओं को अंजाम दे रही हैं।

### भरमार बंदूक से 12 घंटे तक गोलीबारी समझ से परे

पूर्व विधायक ने कहा कि अगर पुलिस की कहानी को ही सच मान लें तो भी क्या बरामद भरमार बंदुक से 12 घंटे तक सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक गोलीबारी हो सकती है यह सवाल बेहद सोचनीय है। भरमार बंदुक को एक बार चलाने के बाद दुबारा चलाने में आधा घंटा लगता है। इसमें भी गारंटी नहीं है कि यह दुबारा फायर हो ऐसे में भरमार बंदुक से क्या मुकाबला फोर्स के अत्याधुनिक हथियार से हो सकता है।

### नाबालिग की जांघ में 3 गोली

मनीष कुंजाम ने कहा कि एक 15-16 साल का लड़का जो मुठभेड़ में जान गंवाने से बच गया है उसके जांघ में 3 गोली लगी है। उससे मिलने पर अभी भी उसके जेहन में फोर्स का डर है। अस्पताल जाकर इलाज कराने की बात कहने पर वह कहता है पुलिस गिरफ्तार कर लेगी। इस तरह विश्वास की कमी ग्रामीण इलाकों में प्रशासन और पुलिस के प्रति है। वहीं एक 70 साल की वृद्ध महिला ने कहा जब मैं अपनी बात कही तो मुझे लात से मारा गया। इस तरह की बातें नक्सली इलाके में भयावह कहानियां कह रही है जो रूकनी चाहिए। उन्होंने कहा सरकार हमसे जो भी सहयोग चाहती है हम देने को तैयार हैं।

# साधु वेश में ईसाई धर्म का प्रचार, सक्षम ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सक्षम प्रमुख अविनाश सिंह गौतम ने कहा साधु संत महात्मा हिन्दू धर्म में सर्वोपरी हैं पूजनीय हैं उनका हिन्दू धर्म में बड़ा सम्मान है। मई 24 से 26 तक यहोवा इरे पेंतीकास्टल चर्च कुम्हारपारा द्वारा मसीही सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक व्यक्ति जिसका नाम साधु नित्यानंद है वह भगवा वस्त्र धारण कर ईसाई समाज का प्रचार करता है। यह साधुओं का अपमान कर रहा है और आस्था को ठेस पहुंचा रहा है। साधु नित्यानंद अपनी असली पहचान छुपा धोखाधड़ी कर ईसाई धर्म का प्रचार कर रहा है। तत्काल कार्यवाही करते हुए आयोजक व नकली साधु नित्यानंद के खिलाफ ▶▶| शेष पेज 10 पर


पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124


# नाबालिग का अपहरण, आरोपी को बिहार में दबोचा, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



नाबालिक लड़की के अपहरण करने की शिकायत मिलने पर कोतवाली पुलिस ने छानबीन शुरू किया और अपहरणकर्ता के पीछे एक टीम को रवाना किया। अपहरणकर्ता को बिहार से धरदबोचा और जेल भेजा गया। अपहरणकर्ता के खिलाफ कांकेर थाना में चोरी के कई मामले दर्ज है और कई बार जेल जा चुका है। जानकारी के अनुसार पीड़िता के परिजनों ने 12 मई को पुलिस को बताया कि मेरी नाबालिक लड़की को 10 मई को रात्रि में प्रतिदिन की तरह खाना पीना खाकर सोई हुई थी और 11 मई की सुबह 6 बजे सोकर जगी, तब पता चला कि सुबह 04 से 06 बजे के मध्य कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा प्रार्थीया के नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण एलेसिला और एएसपी मनीषा रावटे के संज्ञान में लाया गया। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर एसडीओपी मोहसिन खान और थाना प्रभारी मनीष नागर ने टीम बनाकर संदिग्ध की लोकेशन सायबर टीम से पतासाजी किया और टीम को पता चला कि आरोपी बिहार राज्य में है। टीम मोबाईल के नेटवर्क के आधार पर बिहार के लिए रवाना हुई। अपराध दर्ज होने के पाँचवे दिन पुलिस ने नाबालिक लड़की और आरोपी को धरदबोचा।


आवश्यकता है

हरिभूमि
छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

हरिभूमि समाचार पत्र में टीम लीडर एवं प्रसार सहायक की आवश्यकता है। जिसका हेड क्वाटर धमतरी शहर होगा। कार्यक्षेत्र धमतरी, कांकेर, बस्तर जिला रहेगा।

पद : टीम लीडर - 1 पद
योग्यता : स्नातक, उम्र- 25-30 वर्ष
वेतन 12,000 + 2000

पद : प्रसार सहायक - 5 पद
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक, उम्र- 20-30 वर्ष
वेतन 10,000 + 2000

इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ दिनांक 20 मई से 25 मई 2024 तक निम्न ईमेल आईडी एवं व्हाटसअप नम्बर पर तुरंत संपर्क करें।

हरिभूमि कार्यालय पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर
9098324969
Email id: cir.haribhoomi@gmail.com

## खबर संक्षेप



### समर कैंप में बच्चों ने सुनाई कविता, कहानी

**कोर्रा (भखारा)।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय माध्यमिक शाला भोथीपार में 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के कक्षा 1 से 8 तक के लगभग 45 बच्चों ने सहभागिता प्रदान की। बच्चों ने कविता, कहानी, चित्रकारी, टोपी बनाना, मुखौटे बनाना के अलावा कहानी सुनकर अपने शब्दों में कहानी सुनाई। कैंप में छात्रों के भाषाई कौशलों पर पठन और रचनात्मक लेखन पर विशेष जोर दिया जा रहा है ताकि बच्चे अपनी कही गई बातों को या सुनी गई बातों को अपने शब्दों में लिपिबद्ध कर सके। इसमें विद्यालय के शिक्षकों के अलावा अभिभावकों, शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्य भी उपस्थित हो रहे हैं। इस कार्य में मार्गदर्शन एवं सहयोग अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा प्राप्त हो रहा है। प्रतिदिन अलग-अलग प्रकार की गतिविधियों को शामिल किया जा रहा है जिसमें भाषा, गणित, अंग्रेजी एवं पर्यावरण को शामिल किया गया है।

### शिवमहापुराण सुनने भक्तों के लिए वाहन की व्यवस्था

**भखारा।** कुरूद विधानसभा इस समय शिव भक्ति में में डूबी हुई है। कथावाचक प्रदीप मिश्रा हैं। क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। भक्तों को इस शिव महापुराण की भक्ति का रस लेने में किसी प्रकार की कोई बाधा न हो, इसके लिए नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद रोशन केला द्वारा भखारा भठेली एवं सिहाद के भक्तों के लिए वाहन की व्यवस्था की गई है।

# समर कैंप में योगाभ्यास जारी है, समापन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में चयनित पीएम श्री विद्यालय के बच्चों के लिए स्कूलशिक्षा विभाग द्वारा 14 से 20 मई तक सात दिवसीय आवासीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण आयोजित की जा रही है। जिसमें अलग अलग स्किल के साथ प्रति दिन बच्चों के आवास स्थल एकलव्य 250 सीटर आवासीय विद्यालय में ईश्वर दयाल रामू मरकाम शिवचरण साहू बालक छात्रवास में संजय ठाकुर ,गुलेन पटेल, चंद्रकांत ठाकुर, जीवन पांडे, बालिका छात्रवास में हेमलता झा, रतनी नरेटी, दीपमाला वैष्णव, नमिता, द्वारा प्रातः 6.30 से 7.30 बजे तक योग की कक्षा लगाई



जा रही है । जिसमें बच्चों में देशहित समाजिक चेतना तनाव रहित स्वस्थ्य जीवन शैली और जनकल्याण की भावना विकसित करने के उद्देश्य से योगआसन ध्यान प्राणायाम और आध्यात्मिक को दिनचर्या में अपनाने की जानकारी दिया जा रहा है। योग के दौरान बनाई पीएम श्री की श्रृंखला। इस प्रयास को लोगों ने सराहा है।



## विडंबना : 10 साल बाद भी नहीं मिला पट्टा और मकान, आज भी कवेलू वाले में रहने विवश

# पक्के मकान और पट्टे की आस में टूटा कई गरीब परिवारों का सपना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

पक्के मकान व पट्टे की मांग को लेकर शहर के करीब 4 हजार परिवार अब भी दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। कार्यालयों व अधिकारियों के पास चक्कर काटने के बाद भी उन्हें सुविधाएं नसीब नहीं हुई। बारिश, गर्मी, सर्दी के मौसम में उन्हें बारहों महीने कच्चे मकान में रहना पड़ रहा है। मकानें जर्जर हो गए हैं जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। गरीबों ने हार थककर उग्र आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा कि प्रशासनिक आदेश के बाद भी अधीनस्थ कर्मचारी अगर इस ध्यान नहीं देते हैं तो सड़क की लड़ाई लड़ने मजबूर होंगे।



शहर के मकेश्वर वार्ड, बठेना, सरदार वल्लभ भाई वार्ड, बांसपारा, गोकुलपुर, सोरिद, बनियापारा, महिमासागर दानीटोला आदि वार्डों में 4 हजार परिवार ऐसे हैं जिन्हें 10 साल से मकान का पट्टा व आवास नहीं मिला है। अब उनके सब्र का बांध टूट रहा है। शासन-प्रशासन को कोसने लगे हैं। सुविधाएं नहीं मिलने से जिंदगी बेजार हो गई है। जर्जर, कच्चे मकान में उनका जीवन नारकीय हो गया है। मकेश्वर वार्ड के पार्षद प्रकाश सिन्हा, वार्डवासी शिवकुमार जोशी, बृज ध्रुव, शंकर ध्रुव, भुनेश्वर सोनवानी, कुमारी मंडावी, ज्ञानेश्वर बिसेन, पूर्णिमा राजपूत, बैदून खरे, संजय साहू, पूर्णिमा मानिकपुरी, रत्ना बाई रात्रे, प्रेमलता बघेल, हुमन ध्रुव, धरम बारले, पूजा बाई, राधा बाई, यामिनी यादव, संतना बाई, कुलेश्वर भांडेकर, साधना, शकीला बानो, विनीता महार, इकबाल खान, अलख राम, मुमताज बानो, गंगा बाई सतनामी, शांति बाई धीवर ने बताया कि वे 35 से 40 वर्षों से धमतरी में निवासरत हैं। मजदूर वर्ग से हैं इसलिए नजूल भूमि पर कच्चा मकान बनाकर निवासरत हैं। पिछले 8-10 वर्ष से पट्टा व मकान को लेकर जिला एवं निगम प्रशासन से फरियाद करते आ रहे हैं। नया मकान बनाने में वे सक्षम नहीं हैं। मकानों की मरम्मत करा पाना मुश्किल है। जर्जर मकान से कभी भी दुर्घटना हो सकती है। वे चाहते हैं कि उन्हें सरकारी पट्टा व प्रधानमत्री आवास योजना का लाभ मिले। इसके लिए कई बार आवेदन दिया जा चुका है। पट्टे की मांग को लेकर वे 7 साल से घटना, प्रदर्शन, हड़ताल करते आ रहे हैं फिर भी उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने बताया कि 18 अगस्त 2023 को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय द्वारा 4 हजार परिवारों को पट्टे और मकान के दायरे में लाए जाने पत्र प्रेषित हुआ। जिला प्रशासन को मिले पत्र के मुताबिक उनके मकानों का सर्वे होना चाहिए।

## दिल्ली लोकसभा चुनाव में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष निभा रहे महत्वपूर्ण भूमिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

पूरे देशभर में लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। हर पार्टी अपने प्रत्याशी को जिताने की जी-तोड़ कोशिश में लगी हुई है। इस समय देश की राजधानी दिल्ली में चुनाव होना है। उत्तर पूर्वी दिल्ली से इंडिया गठबंधन ने युवा नेता और एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार को चुनावी मैदान में उतारा है। कन्हैया कुमार के समर्थन में देशभर से युवाओं और नेताओं का हुजूम उमड़ रहा है। धमतरी से भी एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन अपने साथियों के साथ कन्हैया कुमार के समर्थन में दिल्ली पहुंचे हैं और चुनाव में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

राजा देवांगन ने बताया कि युवाओं और छात्रों की मजबूत आवाज रहे कन्हैया कुमार को कांग्रेस पार्टी ने उत्तर पूर्वी दिल्ली से टिकट देकर अपना प्रत्याशी बनाया है जिनके समर्थन में वे अपने साथियों के साथ दिल्ली पहुंचे हैं और चुनाव के कार्यों में अपना योगदान दे रहे हैं। दिल्ली की जनता कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर कन्हैया कुमार को संसद पहुंचायेगी। श्री देवांगन के साथ ओमप्रकाश मानिकपुरी, अरविंद यादव, तेजप्रताप साहू, आरिफ हुसैन, अली पहलवान समेत कई कार्यकर्ता चुनाव में अपना योगदान दे रहे हैं।

## 13 हजार से अधिक किसानों ने लिया 61 करोड़ का ऋण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में आगामी खरीफ फसल के लिए किसानों को ऋण देने की शुरुआत तकरीबन डेढ़ माह पहले ही हो चुकी है। खरीफ वर्ष के लिए इस बार 485 करोड़ रुपए की ऋण का लक्ष्य रखा गया है जिसमें से अब तक 13 हजार किसानों ने तकरीबन 61 करोड़ का ऋण ले लिया है।

बता दें कि रबी फसल के धान की कटाई और बिक्री में व्यवस्त किसानों को छोड़ दें तो अब मानसून आने से पहले ही किसान आगामी खरीफ फसल की तैयारी में जुट गए हैं। फसल की तैयारियों में खाद, बीज और ऋण भी शामिल है जिसके लिए किसान लगातार जिला सहकारी बैंक में ऋण के लिए पहुंच रहे हैं ताकि खाद, बीज और रासायनिक दवा ले सकें। किसानों को समितियों से खाद, बीज भी मिलता है। किसानों से बिक्री उपज की राशि से ऋण की वसूली की जाती है। किसानों को शून्य ब्याज दर पर ऋण दिया जाता है। खरीफ वर्ष



2024-25 के लिए भी ऋण वितरण की प्रक्रिया प्रतिवर्ष की भांति अप्रैल माह में शुरू हुई है। यह प्रक्रिया सितंबर माह तक चलेगी। इस बार खरीफ सीजन के लिए जिलेभर में कुल 485 करोड़ रुपए के ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है। मिली जानकारी के अनुसार 16 मई तक जिले के 13 हजार 494 किसानों को करीब 61 करोड़ से अधिक का ऋण वितरण किया जा चुका है। अभी किसानों के पास सितंबर तक समय शेष है। जून से ऋण और खाद, बीज वितरण में और तेजी आएगी। जिला सहकारी बैंक से मिली जानकारी के अनुसार किसानों को ऋण वितरण के साथ ही खाद व बीज का भंडारण और उसका वितरण की शुरू हो गया है। किसानों को जिले की 130 समितियों के माध्यम से खाद-बीज वितरण किया जाता है। जिले में इस बार 46 हजार 150 क्विंटल बीज का लक्ष्य रखा गया है। 18 हजार क्विंटल बीज का भंडारण हो गया है जिसमें 550 क्विंटल का वितरण किया जा चुका है। इसी तरह 61 हजार 500 टन खाद भंडारण का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें से 16 हजार 72 टन का भंडारण हो चुका है। किसानों को अब तक साढ़े 8 हजार टन का वितरण किया जा चुका है। जिसमें यूरिया 8086 टन, सुपर फास्ट 1864 टन, डीएपी 4721 टन, पोटाश 1019 टन और ईफको 383 टन शामिल है।

## जीवन में अच्छे संस्कार का होना जरूरी : उमेश

- भैंसमुंडी में साहू समाज द्वारा आयोजित समर कैंप में सांसद प्रतिनिधि पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

जैसे ही स्कूलों की परीक्षा समाप्त हुई, परीक्षा परिणाम भी बच्चों के पास आ गया । उसके बाद समाज के लोग रचनात्मक कार्य करते हुए बच्चों की अच्छी शिक्षा और उनको सही मार्गदर्शन करने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। जिले में साहू समाज द्वारा परिक्षेत्र स्तर पर बच्चों को करियर गाइडेंस कार्यक्रम, कम्पिटिशन एग्जाम, सेना भर्ती की तैयारी कराई जा रही है। ग्राम भैंसमुंडी में साहू समाज द्वारा समर कैंप लगाया गया है जिसमें हर दिन करीब 200 बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। बच्चों को मोटिवेट करने सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू पहुंचे। उन्होंने बच्चों का नैतिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और जीवन में संस्कार के विषय पर प्रकाश डाला। प्लास्टिक इंजीनियरिंग



कॉलेज रायपुर के असिस्टेंट प्रोफेसर दिलीप साहू और देवेंद्र साहू ने बच्चों को सीपेट कॉलेज की तकनीकी शिक्षा के बारे में बताया। उमेश साहू ने कहा कि प्लास्टिक इंजीनियरिंग का कोर्स केंद्र सरकार का छत्तीसगढ़ को मिला बड़ा उपहार है। यहां जो भी बच्चे एडमिशन लेते हैं, उन्हें शत प्रतिशत प्लेसमेंट कराने की गारंटी रहती है। कार्यक्रम को समाज प्रमुख पोषण साहू, हरिनारायण साहू ने भी संबोधित किया।

## आस्था विद्या मंदिर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



टेमेंद्र धनकर, लवी साहू, सुषमा साहू, गंगा साहू

आस्था विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरसींवा रांवा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। दसवीं में टेमेंद्र 88.60 प्रतिशत प्रथम, लवी 82.80 प्रतिशत द्वितीय, लकी यादव ने 80.83 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं एग्रीकल्चर में सुषमा 88.8 प्रतिशत प्रथम, गंगा 77 प्रतिशत द्वितीय, प्रणव ने 76.4 प्रतिशत लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं विज्ञान में ओंकार 76.8 प्रतिशत प्रथम, गायत्री 75.4 प्रतिशत द्वितीय, ओकेश 74 प्रतिशत रहे। दसवीं में 14 छात्र-छात्राएं प्रविष्ट हुए जिसमें प्रथम श्रेणी में 8, द्वितीय श्रेणी में 4 छात्र उत्तीर्ण हुए।

दसवीं का परीक्षा फल 85.71 प्रतिशत रहा। 12वीं में 32 छात्र-छात्राएं प्रविष्ट हुए जिसमें प्रथम 13, द्वितीय 14, पूरक की पात्रता पांच छात्रों को मिली। 12वीं का परीक्षाफल 84.37 प्रतिशत रहा। प्राचार्य एवं शिक्षकों ने सफल छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आने वाले समय में पूरी ईमानदारी के साथ दृढ़ संकल्प के साथ कठोर परिश्रम करने की आवश्यकता है।

## गैस की ई-केवाईसी कराने शहर व गांवों में लगेंगे शिविर



**उपभोक्ताओं को स्वयं का आधार कार्ड, रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के साथ आना होगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

सार्वजनिक उपक्रम द्वारा संचालित जिले की गैस एजेंसियों द्वारा गैस उपभोक्ताधारियों से ई-केवाईसी का कार्य लगातार किया जा रहा है। खाद्य अधिकारी बीके कोर्राम ने बताया कि ऐसे गैस उपभोक्ता, जिन्होंने अभी तक ई-केवाईसी नहीं कराई है, उनके लिए ग्राम पंचायतों, वार्डों में शिविर लगाकर ई-केवाईसी कार्य किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि गैस उपभोक्ता कार्ड में दर्ज व्यक्ति का ही ई-केवाईसी का प्रावधान है। उपभोक्ता को स्वयं का आधार कार्ड, रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर, उपभोक्ता कार्ड के साथ निर्धारित समय एवं दिनांक में उपस्थित होकर ई-केवाईसी करानी होगी।

नगरनिगम धमतरी क्षेत्र के हटकेशर नागदेव मंदिर चौक में 20 से 22 मई तक सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शिविर लगेगा। इसमें हटकेशर वार्ड, शीतलापारा वार्ड, सुभाष नगर वार्ड और लाल बगीचा वार्ड के गैस कनेक्शनधारी ई-केवाईसी करा सकेंगे। इसी तरह कोष्टापारा नंदी चौक के पास 23 से 25 मई तक आयोजित शिविर में कोष्टापारा, साल्हेवार पारा, महंत घासीदास वार्ड, जालमपुर वार्ड और ब्राम्हणपारा वार्ड, एकलव्य खेल परिसर में 27 से 29 मई तक आयोजित शिविर में रामपुर वार्ड, विंध्यवासिनी वार्ड, महिमासागर वार्ड, दानीटोला वार्ड, सत्संग भवन गोकुलपुर में 30 मई से 1 जून तक आयोजित शिविर में गोकुलपुर, महात्मा गांधी वार्ड, सदर दक्षिण और बांसपारा वार्ड के गैस कनेक्शनधारी ई-केवाईसी करा सकेंगे। इन्डोर स्टेडियम में 3 से 5 जून तक आयोजित शिविर में पोस्ट ऑफिस वार्ड, मराठा पारा, अम्बेडकर वार्ड, नयापारा वार्ड और रामसागरपारा वार्ड, डाकबंगला नंदी चौक में 6 से 8 जून तक आयोजित शिविर में डाक बंगला वार्ड, सोरिदभाठ, जोधापुर और स्वामी विवेकानंद वार्ड के गैस कनेक्शनधारी शामिल हो सकेंगे। बाल मंदिर रिसाईपारा पश्चिम में 10 से 12 जून तक आयोजित शिविर में रिसाईपारा पश्चिम, रिसाईपारा पूर्व और टिकरापारा वार्ड के गैस कनेक्शनधारी, अर्जुनी थाना के सामने सामुदायिक भवन में 13 से 15 जून तक लगने वाले शिविर में बठेना वार्ड, औद्योगिक वार्ड, सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड के गैस कनेक्शनधारी तथा पुरानी मंडी सुंदरगंज वार्ड में 17 से 19 जून तक लगने वाले शिविर में सुंदरगंज, नवागांव वार्ड, श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड और मकेश्वर वार्ड के लोग तथा नगरनिगम कार्यालय पार्किंग स्थल में 20 से 22 जून तक आयोजित शिविर में आमापारा वार्ड, मोटर स्टैण्ड वार्ड, बनियापारा वार्ड तथा सदर उत्तर वार्ड के गैस कनेक्शनधारी ई-केवाईसी करा सकेंगे।

इसी तरह विकासखण्डवार संबंधित ग्राम पंचायत भवन में ई-केवाईसी कराने शिविर आयोजित किये जायेंगे। नगरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत उमरगांव में 20 से 22 मई तक, बेलरगांव में 23 से 25 मई, घठुला में 27 से 29 मई, बिरगुड़ी में 30 मई से 1 जून, नगरी में 3 से 5 जून, सिहावा में 6 से 8 जून, मेचका में 10 से 12 जून, फरसियां में 13 से 15 जून तथा डोंगरडुला में 17 से 19 जून तक शिविर आयोजित किये जायेंगे। मगरलोड विकासखण्ड में ग्राम पंचायत भवन सिंगपुर में 20 से 22 मई तक, मेघा में 23 से 25 मई, नवागांव(क) में 27 से 29 मई, मोहंदी में 30 मई से 1 जून तक, करेली छोटी में 3 से 5 जून, भेण्डरी में 6 से 8 जून, कुण्डेल में 10 से 12 जून तक और ग्राम पंचायत भवन खिसोरा में 13 से 15 जून तक गैस कनेक्शनधारियों के ई-केवाईसी के लिए शिविर लगाए जायेंगे

विकासखण्ड कुरूद अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन मड़ेली में 20 से 22 मई, कोर्रा में 23 से 25 मई, सिलौटी में 30 मई से 1 जून, सिर्री में 3 से 5 जून, चरमुड़िया में 6 से 8 जून, अटंग में 10 से 12 जून, जीजामगांव में 13 से 15 जून, मंदरौद में 17 से 19 जून और ग्राम पंचात भवन चिंवरी में 20 से 22 जून तक शिविर लगाये जायेंगे। विकासखण्ड धमतरी के ग्राम पंचायत भवन पोटियाडीह में 20 से 22 मई, कुर्रा में 23 से 25 मई और ग्राम पंचायत भवन अमलीडीह में 27 से 29 मई तक गैस कनेक्शनधारियों के ई-केवाईसी कराने शिविर लगाये जायेंगे। शिविर सुबह 10 से शाम 4 बजे तक आयोजित किये जायेंगे।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर मितानिनों ने निकाली रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

जिले में डेंगू से बचाव और रोकथाम के लिए राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर 'समुदाय से डेंगू नियंत्रण करें' थीम पर बीते दिनों जनजागरूकता रैली निकाली गई। मितानिनों द्वारा निकाली गई इस रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.के.मण्डल ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद मितानिनों की संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें डेंगू के लक्षण और इससे बचने के उपाय के बारे में बताया गया।

जिला नोडल अधिकारी डॉ.यू.एल.कौशिक ने प्रोजेक्टर के माध्यम से मितानिनों को डेंगू के लक्षण, इसके प्रभाव और गंभीर स्थिति में बचने के उपाय की बारीकी से जानकारी दी तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गृह भेंटकर स्वास्थ्य शिक्षा व संभावित जगहों पर लार्वा नष्ट करने की कार्यवाही करने कहा।

डेंगू के लक्षण की जानकारी देते हुए कहा कि अचानक तेज सिर दर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द होना, आंखों के पीछे दर्द होना, जी मितलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक, मुंह, मसूड़ों से खून आना, त्वचा पर चकते उभरना इत्यादि है। गौरतलब है कि डेंगू से नियंत्रण के लिए जिले के शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों में लार्वी साइड 'टेमीफॉश' एवं 'बीटीआई' का छिड़काव किया जा चुका है। इसके अलावा मगरलोड और नगरी क्षेत्र में डीडीटी पाउडर का छिड़काव किया जा चुका है।

## शासकीय विभाग के अधिकारियों की हुई कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

व्यापार एवं कारोबार में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिस्पर्धा आयोग भारत सरकार का गठन किया गया है। इसके मद्देनजर उपभोक्ता कल्याण में वृद्धि समग्र आर्थिक विकास एवं कारोबार में नवाचार के विजन को प्रतिस्पर्धा अधिनियम-2002 यथा संशोधित 2023 के अनुपालन की जानकारी देने के लिए बीते दिनों जिला पंचायत सभा कक्ष में हितधारकों जैसे विभिन्न औद्योगिक इकाइयां, शासकीय विभाग के अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित की गयी।कलेक्टर नम्रता गांधी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में राज्य के रिसोर्स पर्सन डीआर वाधवानी पूर्व अपर संचालक उद्योग द्वारा पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विभिन्न परिभाषाओं एवं अनुबंध तैयार करने में सावधानियां, बाजार तथा बोली में हेर-फेर संबंधी शिकायतों की प्रक्रिया एवं निराकरण की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उसके लिए आवश्यक अभिलेखों को प्रस्तुत करने के तरीकों के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया।

## पेज 9 के शेष

### साधु वेश में....

एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। उन्होंने कहा लगातार धर्मान्तरण कर सनातन को खत्म करने की साजिश हो रही है। जिससे जिले व राज्य में माहौल खराब होने का अंदेशा है ऐसे कृत्य लगातार किये जा रहे हैं जिससे समाज में रोष है। सक्षम इस आयोजन का पुरजोर विरोध करेगा।

## खबर संक्षेप

### आवेदन 24 मई तक मंगाए गए

**धमतरी।** शिक्षा सत्र 2024-25 में आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण प्रोत्साहन के तहत वाणिज्य शिक्षण केन्द्र दुर्ग (कन्या) में प्रवेश लेने के लिए अनुसूचित क्षेत्र में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की इच्छुक छात्राओं से आवेदन मंगाए गए हैं। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिले की ऐसी इच्छुक छात्राएं जो कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण एवं विज्ञान अथवा वाणिज्य विषय के साथ आगे की पढ़ाई करना चाहती हैं, वे 24 मई तक कलेक्टोरेट स्थित आदिवासी विकास विभाग में आवेदन कर सकती हैं।

### कलार समाज तहसील मंडलेश्वर का चुनाव 30 को

**धमतरी।** कलार समाज धमतरी तहसील मंडल के निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी तोमेश्वर सिन्हा ने बताया कि निर्वाचन के लिए मंडलेश्वर 1 पद, सचिव 1 पद, कोषाध्यक्ष के 1 पद का चुनाव होना है। नामांकन फार्म 18 मई की सुबह 11 बजे से जमा किया जा सकता है। नामांकन एवं मतदान कलार समाज छात्रावास भवन धमतरी में होगा। मतदान 30 मई की सुबह 9.30 बजे से 4 बजे तक होगा। इसके बाद विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी।

### स्टे लगने के बाद भी सरकारी जमीन पर बन गया मकान

**धमतरी।** शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर मकान बनाने के मामले में प्रशासन की उदासीनता सामने आई है। ग्राम संबलपुर के ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत कर अवैध निर्माण हटाने की मांग की है। संबलपुर के ग्रामीणों ने शुक्रवार को कलेक्टर के नाम सौंपे आवेदन में कहा है कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर मकान बनाने के खिलाफ चार बार शिकायत की गई है। निरीक्षण पश्चात दो माह तक निर्माण कार्य बंद था। अब फिर से निर्माण कार्य शुरु कर मकान बना लिया है। अतिक्रमणकारियों में शासन प्रशासन का डर नहीं रहा। निर्माण कार्य में स्टे लगने के बाद भी मकान निर्माण पूर्ण होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। कार्रवाई नहीं होने से अन्य अतिक्रमणकारी भी बेखौफ मकान बनाने में जुट गए हैं। इसी तरह गांव में पदस्थ कोटवार का पुत्र सहकारी बैंक के बाजू की शासकीय भूमि पर दुकान का निर्माण कर रहा है।

### हत्या के आरोप में दंपति को आजीवन कारावास

**धमतरी।** जमीन विवाद पर एक व्यक्ति को राड व लाठी से पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में दंपति को न्यायालय ने आजीवन कारावास से दण्डित किया है। न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार घटना 16 मई 2022 की है। धमतरी निवासी राजेन्द्र पारख की ग्राम अमेठी थाना अर्जुनी में जमीन है। उसके बाजू में फिरंगी निर्मलकर 59 वर्ष व उसकी पत्नी फुलेश्वर बाई निर्मलकर उम्र 55 वर्ष का निवास है। राजेन्द्र के साथ निर्मलकर दंपति का जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। 16 मई 2022 को राजेन्द्र पारख अमेठी गया था। जहां फिरंगी निर्मलकर ने जमीन विवाद को जेकर रॉड व लाठी से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी।

---

### बुनियादी सुविधाओं की ली जानकारी

# कलेक्टर व एसपी अंतिम छोर पर बसे ग्रापं लिंगापुर व वरदली पहुंचे

## परीक्षा केन्द्र पहुंचकर जिले में आयोजित हो रही एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर



कलेक्टर अनुराग पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा का आज निरीक्षण किया। परीक्षा केन्द्र बीजापुर एवं रुद्रारम में पहुंचकर परीक्षा का जायजा लेते हुए छात्रों को मेहनत और लगन से परीक्षा देने के लिए प्रोत्साहित किया।

इसके पश्चात भोपालपटनम ब्लाक के अंतिम छोर पर बसे ग्राम पंचायत वरदली एवं लिंगापुर पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा कर बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली। सर्वप्रथम वरदली पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने बुनियादी सुविधाओं की आवश्यकता से अवगत कराया। वहीं ग्राम पंचायत वरदली के सरपंच एवं सचिव को 14वें-15वें वित्त की राशि का गांव के विकास पर खर्च करने, पैसे का दुरुपयोग नहीं करने की समझाईश दी। तत्पश्चात ग्राम पंचायत लिंगापुर का निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित पटवारी, सचिव एवं सरपंच से ग्राम पंचायत के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। पटवारी से सीमांकन, नामांतरण, बटवारा संबंधित लंबित प्रकरण की जानकारी ली। पटवारी ने सीमांकन, नामांकन, बटवारा इत्यादि प्रकरण का निराकरण समय-सीमा में निराकृत करने की बात कही।

कलेक्टर ने 14वें-15वें वित्त की राशि के खर्च का विवरण, शेष राशि की सम्पूर्ण जानकारी प्रेषित करने को कहा। सरपंच ने बताया खर्च उपरांत 8 लाख रुपये शेष है। 14वें-15वें वित्त की राशि का उपयोग गांव के विकास कार्यों में खर्च करने की बात कही। कलेक्टर ने राशि का दुरुपयोग नहीं करने की सख्त हिदायत दी। इस दौरान भोपालपटनम के तहसील कार्यालय का अवलोकन कर तहसीलदार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम यशवंत नाग भोपालपटनम सहित अन्य विभागीय अमला मौजूद थे।

---

## नगर आगमन पर प्रीति यादव का हुआ आत्मीय स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम

आईएफएस में चयन होने के पश्चात प्रीति अपने गीदम नगर स्थित घर पहुंची। नगर आगमन पर विधायक समेत अन्य लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया।

दंतेवाड़ा जिला अंतर्गत गीदम निवासी बालमुकुंद यादव सब इंस्पेक्टर कृषि उपज मंडी एवं मुराती यादव की सुपुत्री प्रीति यादव ने यूपीएससी द्वारा आयोजित भारतीय वन सेवा परीक्षा में 63वां स्थान प्राप्त किया। रिजल्ट आने के बाद प्रीति यादव का जब पहली बार गीदम आगमन हुआ, तो विधायक चैतराम अटामी व नगर के लोगों ने बस्तर के पारम्परिक ढोल नृत्य एवं आतिशबाजी के साथ नगर पंचायत गीदम के सामने पुष्पमाला भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात गीदम की बिटिया ने परिवार सहित मंदिर दर्शन कर भगवान का आशीर्वाद लिया। इस दौरान विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि प्रीति यादव ने दंतेवाड़ा जिले का नाम रौशन किया है एवं जिलेवासियों को गौरवान्वित होने का अवसर दिया है। विधायक ने कहा की प्रीति ने एक साधारण परिवार से होने के बाद भी कड़ी मेहनत कर जो सफलता हासिल की है। उसके लिए मैं पूरे परिवार को बधाई देता हूं। यह पूरे दंतेवाड़ा जिले के लिए गौरव की बात है। दंतेवाड़ा जैसे संवेदनशील जिले से भी पढ़ कर आप सफलता हासिल कर सकते है। अगर आप में जज्बा, सहनशीलता एवं लगन हो तो आप जो सोचे वो हासिल कर सकते है। इसका उदाहरण दंतेवाड़ा जिले की बेटी प्रीति यादव ने पेश किया है। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

---

### एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के लिए हुआ चयन परीक्षा

# 1062 बच्चों में से 835 उपस्थित व 227 बच्चे रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम



जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2024-25 के कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 18 मई को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा के आयोजन के लिए जिले में चार सेंटर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण संचालित जावंगा गीदम, डीएवी स्कूल कुआकोंडा व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटेकल्याण को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। जिसमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा में 250 बच्चों में 192 बच्चे उपस्थित व 58 बच्चे अनुपस्थित रहे। वहीं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण संचालित जावंगा गीदम में 350 बच्चों में 267 बच्चे उपस्थित व 83 बच्चे अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र डीएवी स्कूल कुआकोंडा में 247 बच्चों में 214 बच्चे उपस्थित व 33 बच्चे अनुपस्थित रहे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटेकल्याण में 215 बच्चों में 162 बच्चे उपस्थित व 53 बच्चे अनुपस्थित रहे। जिला स्तर पर कुल 1062 बच्चों में से 835 बच्चे उपस्थित एवं 227 बच्चे अनुपस्थित रहे। जिनको परीक्षा परिणाम आने के बाद मेरिट क्रम के हिसाब से जिले में संचालित चारों एकलव्य विद्यालयों में प्रवेश दिया जाएगा। इस दौरान सहायक आयुक्त दंतेवाड़ा डॉ. आनंद जी सिंह एवं एकलव्य विद्यालय चयन परीक्षा के निरीक्षण हेतु रायपुर से आए जेएस पन्नू उपसंचालक ट्राई नया रायपुर द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

---

# आदिवासियों का जीवन जंगल पर निर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मद्देड़



- निहत्थे आदिवासियों को नक्सली बताकर या अन्य केस में कर रहे बंद

बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लॉक के 14 पंचायत के सरपंच, जिला सदस्य, जनपद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण आज भोपालपटनम ब्लॉक के ग्राम पंचायत मद्देड़ थाना पहुंच थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपे। ज्ञापन में किसी ग्रामीण को गिरफ्तार करने पश्चात इसकी जानकारी परिवारजनों एवं जनप्रतिनिधियों को आवश्यक रूप से देने की मांग की है।

समस्त सरपंचों व जनप्रतिनिधियों का कहना हैं कि आदिवासियों का घर, खेती बाड़ी जंगल में ही हैं और आदिवासी जंगल पर निर्भर रहते हैं। समय-समय पर जंगल से उत्पन्न होने वाले महुआ, टोरा, इमली, तेंदूपत्ता आदि व घरेलू उपयोगी लकड़ी के लिए आये दिन जंगल में दूर-दूर तक जाना पड़ता हैं। जिससे हम आदिवासियों का घर का चूल्हा जलता हैं और हमारे परिवार पलते हैं। हमारे परिवार पुरी तरह जंगल पर ही आश्रित हैं। हम आदिवासियों को जंगल में जाए बिना हमारा काम नही बनता है। ऐसे में हम को पुलिस किसी भीं केश के नाम से थाना बुलाती हैं या जंगल से किसी भी आदिवासियों को पकड़ कर पुलिस थाना लाया जाता है, तो पुलिस प्रशासन जिस ग्रामीण को हिरासत में लिया है। उसके परिवार अथवा ग्राम सरपंच पटेल को इसकी सूचना दे। जिससे ये पता लगे कि जो व्यक्ति पकड़ा गया हैं या पकड़ लिया गया है, वो अपराधी प्रवृति का हैं या नही। यदि किसी ग्रामीण को पुलिस प्रशासन पुख्ता सबूतों के साथ पकड़ता है, तो भी एक सूचना परिजनों एवं ग्राम प्रमुखों को दे। मद्देड़ क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद्देड़, केसाईगुड़ा, संगमपल्ली, तमलापल्ली, वंगापल्ली, पेगड़ापल्ली, उस्कालेड, मिनकापल्ली, पामगर, कोत्तापल्ली, चेरपल्ली, दम्पाया, गोरला, सण्ड्रापल्ली के ग्रामों से कोई भी ग्रामीणों को नक्सली बताकर या अन्य कारणों से थाना लेकर आते है, तो ग्राम सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों को इसकी सूचना अवश्य देवें।

ताकि उसकी जांच पड़ताल करने के बाद ही जेल भेजने की कार्यवाही करें। ज्ञापन सौंपने के दौरान सरिता चापा जिला पंचायत सदस्य, मिच्चा मुत्तेया जनपद उपाध्यक्ष, अनिल पामभोई उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी जिला बीजापुर, टिंगे चिन्ना बाई सरपंच, सडमैक शंकरलाल, कमला पारेट सरपंच, तालंडी रामचंद्रम, चलपत उद्दे, महादेव चापा, राजाराम वास्म पटेल, भद्री प्रकाश, मारपेल्ली संजय, वासम रामेया, आनंद पामभोई, काका योगेश, मरपल्ली गनपत, मरपल्ली लक्ष्मेया, मरपल्ली कन्हैया, विनोद कुमार मरपल्ली, यालम मनोज समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

---

# कलेक्टर ने की बकावंड व बस्तर जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मनरेगा कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



- प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगतिरत आवास निर्माण कार्य को 31 मई तक करवाएं पूर्ण

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने बकावंड और बस्तर जनपद के ग्राम पंचायतों में क्रियान्वित की जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) एवं मनरेगा के कार्यों की आज समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रगतिरत आवास निर्माण कार्यों को 31 मई तक पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अप्रारंभ और अपूर्ण आवासों को गति देते हुए 30 जून तक पूर्ण करवाएं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को आवास निर्माण हेतु दी गई राशि का उपयोग नहीं करने, बार-बार आग्रह करने पर भी आवास निर्माण नहीं करने वाले हितग्राहियों से आरआरसी के द्वारा वसूली की कार्यवाही भी सुनिश्चित किया जाए। साथ ही हितग्राहियों से आवास नहीं बनाने पर उनसे लिखित में जानकारी लेकर पंचायत प्रस्ताव के आधार पर कार्य को निरस्त करवाएं। शनिवार को कलेक्टर ने बकावंड और बस्तर के सद्भावना भवन में पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक, रोजगार सहायक, पीओ, आरईएस के सब इंजीनियरों का पंचायतवार समीक्षा कर योजना के क्रियान्वयन में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा के तहत बकावंड और बस्तर जनपद में 15-15 हजार से अधिक श्रमिकों को रोजगार के अवसर देने के निर्देश दिए।


कलेक्टर ने बकावंड जनपद के 93 पंचायतों और बस्तर जनपद के 88 पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तीसरे किस्त प्राप्त निर्माणाधीन आवास की प्रगति, अप्रारंभ आवास-अपूर्ण आवास की स्थिति, आवासहीन हितग्राहियों के आवास निर्माण की प्रगति, मुख्यमंत्री आवास योजना की प्रगति, आवासों की जिओ टैगिंग की स्थिति, मनरेगा के प्रगतिरत कार्य में मजदूरों की स्थिति, मस्टर रोल की स्थिति, ब्लॉक में श्रमिकों को निकालने की स्थिति, अकुशल श्रमिकों की आधार सीडिंग की स्थिति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि वर्किंग सीजन के बचे दिनों का अच्छे से उपयोग किया जाना चाहिए।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना कार्य और मनरेगा के कार्य में लापरवाही बरतने वाले एवं बैठक में अनुपस्थित रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत सचिव को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बकावंड, बस्तर जनपद के सीईओ को कार्यों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मनरेगा से कन्वर्जेंस कर किया जा रहा आंगनबाड़ी भवन और पीडीएस दुकानों के निर्माण काम को 31 मई तक पूर्ण करवा लिया जाए, यदि काम पूर्ण नहीं होने स्थिति में संबंधित कर्मचारियों से राशि वापसी की कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा ग्राम सचिव आवास कार्य में आरआरसी प्रकरण का प्रत्येक सप्ताह पेशी कर राशि वसूली करवाएं। आवास के हितग्राही की मृत्यु होने की स्थिति में उनके वारिसों को आवास नामांतरण की कार्यवाही 25 मई तक करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, एसडीएम बकावंड गगन शर्मा, एसडीएम बस्तर एआर राणा, जनपद पंचायत सीईओ बकावंड मंडावी, जनपद पंचायत सीईओ बस्तर चुरेंद्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

---

# कार सवारों ने पेट्रोल पंप में तोड़फोड़ कर लूटा कैश

### ग्राम पीपरछेड़ी पेट्रोल पंप का मामला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



फ्यूल्स डलवाने पहुंचे कार सवार युवकों ने पेट्रोल पंप में तोड़फोड़ कर गल्ले से नकदी रकम को लूट लिया। चाकू की नोक पर फ्यूल्स डलवाकर सभी फरार हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार भखारा मार्ग में ग्राम पीपरछेड़ी मोड़ के पास पेट्रोल पंप है। गुरुवार की रात्रि 11.30 बजे पेट्रोल पंप में सेल्समेन जीतू ध्रुव डयूटी पर था। इसी दौरान टाटा नेक्सन की कार पेट्रोल पंप में डीजल डलवाने के लिए पहुंची। पांच युवक कार से बाहर निकले और आफिस के कांच के दरवाजे को ईंट मारकर तोड़ दिया। भीतर बैठे सेल्समेन को कार में डीजल डालने के लिए कहा। सेल्समेन द्वारा दरवाजे तोड़ने की बात कहने पर युवकों ने उसके पेट में चाकू घोप देने की धमकी देते हुए कार में हजार रूपए का डीजल डालने के लिए कहा। चाकू के डर से सेल्समेन कार में डीजल डालने लगा। इसी दौरान युवक तोड़े गए कांच की तरफ से आफिस में घुसकर दराज में रखे 36 हजार 218 रुपए कैश को लूटकर भाग गए। इसके बाद सेल्समेन ने अपने साथी मोनू साहू को उठाकर पेट्रोल पंप के मालिक दिनेश देशमुख को फोन से जानकारी देकर 100 नंबर डायल कर पुलिस को घटना की सूचना दी।

अर्जुनी पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए रात्रि में ही पेट्रोल पंप पहुंच सीसीटीवी फुटेज से कार मालिक से संपर्क किया। कार मालिक ने पारिवारिक कार्य से वाहन को किराये में देना बताया। पेट्रोल पंप मालिक ने घटना की शिकायत अर्जुनी थाना में दर्ज करा दी है। बताया जाता है कि पुलिस आरोपियों तक पहुंच गई है।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
Maa Ad.
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी।
समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### संकीर्तन एवं कथा आज



जगदलपुर। इस्कॉन कृष्ण मंदिर में 19 मई को संकीर्तन एवं कथा का आयोजन किया जाएगा। भक्त सुबह 5.30 बजे मंगल आरती में हरे कृष्ण प्रचार केंद्र जगदलपुर में एकत्रित होंगे। सभी भक्त मंगल आरती के पश्चात सेन्टर से परोगुड़ा ग्राम के लिए सुबह 6.30 बजे प्रस्थान करेंगे।

### गायत्री परिवार का गृहे यज्ञ अभियान 23 व 26 मई को

धमतरी। गायत्री परिवार का गृहे यज्ञ अभियान 23 एवं 26 मई को पूरे देशभर में चलाया जाएगा। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वातावरण के परिशोधन के साथ हमारे चरित्र, चिंतन और विचारों में आई विकृति के परिष्कार के साथ लोगों के खुशहाल जीवन की कामना है। धमतरी जिले के सभी आचार्य गण एवं उसके सहयोगी परिजन शांतिकुंज के इस अभियान को पूरा करने अधिक से अधिक परिवारों तक पहुंचकर परिवार सर्वे सूची तैयार करने में जोर-शोर से लगे हुए हैं।







### 360 सीट के लिए 1770 विद्यार्थी हुए शामिल

# एकलव्य में प्रवेश परीक्षा देने बच्चों का लगा मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आदिवासी बच्चों के लिए बस्तर जिले के 6 ब्लाक में 6 एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए शनिवार को शहर के निर्मल विद्यालय में परीक्षा हुई। जहां 100-150 किमी दूर से प्रायमरी कक्षा के छात्र-छात्राएं पहुंचे थे। इन बच्चों को आश्रम के अधीक्षक, अधीक्षिका और पालक भी लेकर आए थे। एक तरह से परीक्षा में प्रवेश के लिए बच्चों का मेला लगा था। बस्तर के 7 ब्लाक में से जगदलपुर में एकलव्य आवासीय विद्यालय नहीं है। अन्य 6 ब्लाक बकावंड, बस्तर, दरभा, बास्तानार, लोहण्डीगुड़ा और तोकापाल के लिए कुल 360 सीट में भर्ती होनी है प्रत्येक में 60 सीट है। खासबात यह रही कि दरभा और बास्तानार जैसे सुदूर अंचल से भी ग्रामीण पालक अपनी बेटियों को लेकर पहुंचे थे। इससे अब बेटियों को पढ़ाने के लिए ग्रामीणों की जागरूकता सामने आ रही है। कुछ पालकों ने बताया कि सुबह 8 बजे का समय बताया गया था इसलिए सुबह 5 बजे रवाना होकर 7 बजे परीक्षा केंद्र पहुंच गए जबकि परीक्षा 10 बजे शुरू हुई। विद्यालय के बाहर पेयजल और चाय, नाश्ते की दुकान नहीं होने से लोगों को परेशानियां हुई।

#### 2125 ने भरा फार्म शामिल हुए 1770

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जीआर सोरी ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए 2125 विद्यार्थियों ने फार्म भरा था जिसमें से 1770 लिखित परीक्षा में शामिल हुए। 360 का चयन मेरिट के आधार पर होगा बाकि बच्चे आश्रम में पढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि आज परीक्षा देने वाले बच्चों में अधिकांश आश्रम छात्रावास में पढ़ने वाले शामिल थे। उन्हें आश्रम के अधीक्षक वाहनों में लेकर पहुंचे थे। परीक्षा के बाद नाश्ता भी करवाया गया। वहीं परीक्षा केंद्र के अंदर पेयजल की व्यवस्था थी।

#### सुबह 7 बजे से पहुंच गए थे बच्चे, परीक्षा हुई 10 बजे





#### मेरिट बच्चों का चयन

कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देश पर निर्मल विद्यालय में 3 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। संयुक्त कलेक्टर सुनिल शर्मा नोडल अधिकारी थे। रायपुर से अपर संचालक आरएस भोई निरीक्षण के लिए सेंटर पहुंचे थे। 360 सीट के लिए 1770 यानि लगभग पांच गुना विद्यार्थी सम्मिलित हुए। इसलिए प्रतिभावान बच्चों का चयन हो इस पर विशेष ध्यान दिया गया है।

**जीआर सोरी**
सहायक आयुक्त ट्रायबल

# मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश

- मगरलोड पुलिस ने 6 आरोपियों से चोरी की 15 मोटरसाइकिल बरामद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मगरलोड



मगरलोड पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। 6 आरोपियों से चोरी की कुल 15 मोटर साइकिल बरामद की है। थाना मगरलोड क्षेत्रातंर्गत कुछ महीनों से मोटर साइकिल चोर गिरोह द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा था। इससे क्षेत्रवासियों में दहशत थी। मगरलोड पुलिस ने आरोपियों की पतासाजी के लिए मुखबिरों का जाल बिछाया। सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्यों का सहारा लिया गया। इसी तारतम्य में 16 मई को बिना नंबर प्लेट वाली अलग-अलग तीन मोटरसाइकिल में दो-दो व्यक्ति बैठकर ग्राम पण्डरीपानी की ओर जा रहे थे।

संदेह पर युवकों को रोककर मो.सा. के संबंध में पूछताछ कर आरसी बुक पेश करने कहा तो मोटरसाइकिल सवारों का जवाब संतोषप्रद नहीं मिलने पर थाना लाकर पूछताछ की गई। युवकों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुये बताया कि करीबन 2-3 माह पूर्व मधुबन मेला में मिलकर मोटरसाइकिल चोरी करने की योजना बनाई। गिरोह बनाकर कुरूद, राजिम, कोपरा, महासमुंद, करेलीबड़ी, मगरलोड के क्षेत्रों को टारगेट करते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया।

# बस्तर का मौसम बदलने लगा, हो रही बारिश

**खास बातें**

- शुक्रवार की देर शाम और शनिवार दोपहर हुई झमाझम बारिश
- तापमान में 5 डिग्री कमी, गर्मी से लोगों को मिली राहत
- कांकेर,बीजापुर, अंतागढ़, नारायणपुर में 20 एमएम, जगदलपुर में 11, बकावंड, पटनम, तोकापाल में 10 एमएम वर्षा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर में मौसम बदलने लगा है, मई माह में सावन का अहसास होने लगा है। बस्तर संभाग के अधिकांश जिलों में बारिश हो रही है। पिछले 24 घण्टे में कांकेर, बीजापुर, अंतागढ़ और नारायणपुर में 20 एमएम जबकि संभाग मुख्यालय में शुक्रवार और शनिवार को कुल 19.6 एमएम वर्षा दर्ज किया गया। वही भोपालपटनम, तोकापाल और पखांजुर में 10-10 एमएम बारिश हुई। इधर जगदलपुर में अधिकतम तापमान में भी कमी आई और पारा 5 डिग्री नीचे चला गया। तापमान 33.6 दर्ज किया गया। इसी तरह न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 1.8 डिसे कम होकर 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मई के महीने में भी लोगों को काफी हद तक गर्मी से राहत मिलती दिखाई दे रही है। पिछले लगभग एक सप्ताह से प्रदेश के अधिकतम तापमान में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। यह गिरावट का दौर अगले 24 घंटे तक और रहने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानियों के अनुसार प्रदेश में अगले 24 घंटे में दो से तीन डिग्री तक पारा गिरने के आसार हैं, जबकि इसके बाद दो से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने की संभावना है।

### गरज-चमक के साथ बारिश के आसार

मौसम वैज्ञानिक एचपी चन्द्रा के मुताबिक प्रदेश के एक दो स्थानों में गरज-चमक के साथ वज्रपात होने एवं अंधड़ चलने की संभावना है, जबकि एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने के भी संकेत हैं। वायुमण्डल में एक द्रोणिका दक्षिण छत्तीसगढ़ से रायलसीमा तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसकी वजह से शनिवार को प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में वर्षा की संभावना के साथ ही अंधड़ चलने एवं वज्रपात होने के भी आसार बन रहे हैं। साथ ही प्रदेश के अधिकतम तापमान में भी गिरावट होने की आशंका जताई जा रही है।

### अधिकतम तापमान में गिरावट

मौसम विभाग के पिछले 30 वर्षोंर् के औसत आंकड़ों के अनुसार अधिकतम तापमान में जबरदस्त गिरावट देखने को मिल रही है। जगदलपुर में सामान्य औसत से 5 डिग्री सेल्सियस कम है।

# भगवान चित्रगुप्त के प्राकट्य दिवस पर कायस्थ समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा, दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- चित्रगुप्त मंदिर में पूजा व महाआरती
- बुजुर्गों तथा बच्चों को मिला गौरव सम्मान



भगवान चित्रगुप्त के प्राकट्य उत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कायस्थ समाज ने भव्य शोभायात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में पुरुष, मातृ शक्ति, युवक-युवतियां, वरिष्ठजन, बच्चे सम्मलित हुए। महिलाएं सिर में कलश लेकर चल रही थी और समाज के लोग डीजे पर झूमते हुए जयकारें लगाते दिखे। भगवान चित्रगुप्त मंदिर में पूजा की गई। सुसज्जित पात्रों का माल्यार्पण कर आरती उतारी गई पूजा पश्चात शाम को शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा चित्रगुप्त मंदिर से प्रारंभ हुई जो लालबाग होते हुए मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंची। मां दंतेश्वरी की पूजा पश्चात शोभायात्रा गुरूनानक चौक, संजय बाजार, चांदनी चौक होते हुए एसबीआई चौक, कोतवाली होते हुए वापस चित्रगुप्त मंदिर पहुंची। यहां पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान सामूहिक रूप से सभी लोगों ने भगवान चित्रगुप्त की आरती उतारी। बच्चों से लेकर समाज के महिला और बुजुर्गोंर् ने प्रस्तुति दी। उसके पश्चात सांस्कृतिक आयोजन हुए। बच्चों की रंगोली, चित्रकला, नृत्य प्रतियोगिता हुई। वहीं महिलाओं ने कुर्सी दौड़ और गायन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। स्पर्धा में प्रतिभावान को सम्मानित किया गया। वहीं समापन पर मेधावी विद्यार्थियों, सेवानिवृत्त हुए समाज के वरिष्ठजन व बुजुर्गोंर् का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सर्व समाज के लोगों ने एक साथ भोजन ग्रहण किया।

### वरिष्ठजन व प्रतिभावान का सम्मान

समाज के लोगों को सम्मानित किया गया। जिसमें शिरोमणि श्रीवास्तव, कलावती श्रीवास्तव, मधुकर लाल श्रीवास्तव, अनुराधा श्रीवास्तव, उर्मिला श्रीवास्तव, लक्ष्मी बाई श्रीवास्तव, जय श्रीवास्तव, शैलबाला श्रीवास्तव, आशा श्रीवास्तव, विमल श्रीवास्तव, भारत लाल श्रीवास्तव, हेमलाल श्रीवास्तव, रविंद्र श्रीवास्तव का सम्मान किया गया। इसी तरह समाज के प्रतिभावान को भी सम्मानित किया गया इसमें उषा श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव और अर्जुन श्रीवास्तव, लाला जगदलपुर की वार्षिक रचनाओं का संकलन कर बस्तर माटी को संभालकर का प्रकाशन करने के लिए विनय श्रीवास्तव सम्मानित किए गए। इसके अलावा शुभम श्रीवास्तव, निधि श्रीवास्तव, सानिया श्रीवास्तव समेत अन्य प्रतिभावान को कायस्थ गौरव से सम्मानित किया गया।

# साई लाल दास चैलेंजर्स और संत कंवर राम टीम ने जीता मैच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सिंधी प्रीमियर लीग रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतिगोगिता में शुक्रवार को 13 वां मैच शहीद कृष्ण दास टाइटंस एवं साई लाल दास चैलेंजर्स टीम के बीच खेला गया। बारिश के चलते दोनों मैच 8-8 ओवरों का खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कृष्ण दास टाइटंस की टीम के 4 मुख्य बल्लेबाज जल्दी आउट हो गए। टीम 8 ओवरों में केवल 51 रन ही बना सकी। नरेश आडवाणी ने 2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम ने 5 ओवर 2 बॉल में 1 विकेट खोकर हासिल कर लिया। आकाश मटलानी ने 17 गेंदों पर 25 रन बनाए। आकाश मैन ऑफ द मैच रहे। सिंधी प्रीमियर लीग का 14 वां मैच संत कंवर राम टीम एवं साई युधिष्ठिर लाल टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने साई युधिष्ठिर लाल टीम ने 8 ओवर में 5 विकेट खोकर 66 बन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी संत कवर राम टीम ने रोमांचक मैच में 2 गेंद पहले रन चेस कर लिया। कप्तान विशु वाधवानी ने 23 रन बनाए एवं एक विकेट लिया, विशु मैच ऑफ द मैच रहे।

# जलभराव से निपटने भैरमदेव वार्ड में चला विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बारिश के पूर्व नालों की सफाई व स्वच्छता में जुटा अमला



बारिश के पहले नगर निगम बडे. नालों की सफाई सहित स्वच्छता की मुहिम में जुटा है। शहर के भैरमदेव वार्ड में अस्वच्छता, जलभराव से बचने के लिये सफाई कार्य आरंभ हुआ। पार्षद त्रिवेणी रंधारी वार्डवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रही है। इंद्रावती नदी से लगे इस वार्ड में बरसात के समय जलभराव की समस्या आती है। जिससे निजात पाने व वार्डवासियों को इस समस्या का सामना न करना पडे, इसको लेकर पार्षद निगम के स्वच्छता विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर नालों की सफाई व वार्ड में नियमित स्वच्छता कार्य की पूर्णता को लेकर जुटी है। भैरमदेव वार्ड में केन्द्रीय जेल, प्राचीन मंदिर सहित इंद्रावती नदी का तटवर्ती क्षेत्र और घनी बसाहट शामिल हैं। पार्षद ने बताया कि वार्डवासियों की समस्याओं का निदान पहली प्राथमिकता है। सफाई कर्मियों की संख्या कम है, इसके बाद भी योजना बनाकर वार्ड को स्वच्छ साफ रखने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भैरमदेव वार्ड सबसे पुराने वार्डों में एक है, वार्ड की भौगोलिक स्थिति को देखते हुये बरसात के पूर्व जलभराव से बचने व सफाई को लेकर विशेष रूप से कार्य किये जा रहे हैं। वार्ड के निवासियों का भी सहयोग मिल रहा है। कचरे का जमाव न हो, यह ध्यान भी दिया जा रहा है। भैरमदेव वार्ड के निवासी किरण यादव, सविता आचार्य, धर्मेन्द्र सेठिया, बबीता रावल, सविता महापात्र, पार्वती रावल ने कहा कि वार्ड में सफाई कार्य नियमित हो रहे हैं। पार्षद को समस्या बताने पर शीघ्रता से उसका समाधान होता है। सफाई कार्य को लेकर वार्ड पार्षद सदैव सक्रिय रहती है और वार्डवासियों से लगातार संपर्क भी उनका बना हुआ है। बारिश के पूर्व वार्ड पार्षद द्वारा वार्डवासियों से मिलकर स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की अपील की जा रही है।

